# पथरोटा स्कूल में पहुंची एचआईवी टीम

**जागरण, इटारसी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौटा में सघन एचआईव्ही जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक और ग्रामीणजन शामिल हुए।

एचआईवी कैसे फैलता है इसके बारे में चार कारण बताए गए, साथ ही सिफालिस की जानकारी प्रदान की गई। आईईसी मटेरियल वितरित किया गया। चिकित्सालय के आईसीटीसी विभाग से गणेश उपरारिया द्वारा एचआईवी एवं सिफलिस के बारे में बताया गया। इसके साथ ही एचआईवी जागरूकता को लेकर स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

ओएसटी विभाग से प्रियंका दुबे द्वारा आईडी यूजर की जानकारी प्रदान की गई। प्रज्ञा सोशल आर्गेनाइजेशन से प्रोग्राम मैनेजर मोहित भल्लवी द्वारा एआरटी के बारे में बताया गया। अंत में आभार देविका पाठक द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आईईसी मटेरियल टी आईकेओआरडब्लू साक्षी मेहरा एवं नीरज साहू ने वितरित किया। 16-07-2025

03-12-2024

# स्लोगन व पोस्टर से दिया एचआईवी से बचने का संदेश



नर्मदापुरम। इटारसी के रेलवे परिसर मे फ्लेक्स ओर स्लोगन के माध्यम से एड्स के लिए जनसमुदाय को जागरूक किया गया । आने जाने वाले यात्रिओं को एचआईवी के विषय मे बताया गाय तथा नजदीकी स्वास्थ केंद्र मे एचआईव्ही कि जाँच कराने के उपदेश दिये गये वा हर 6 माह मे अपने एचआईव्ही चेकउप कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर आईसीटी सी परामर्श दाता गणेश उपरारिया,प्रज्ञा सोशल ऑर्गनााइजेशन से मोहित भल्लावी ,ओ एस टी से देविका पाठक, प्रियंका दुबे वा अन्य स्टाफ उपस्थित रहा ।

# एड्स से बचाव के बताए उपाय



Prog. Date - 03-12-2019



**जागरण, इटारसी**

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मौजूद चिकित्सकों ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए उसके बचाव के लिए मौजूद स्टाफ को जागरूक किया।

नशा मुक्ति को लेकर काम करने वाली संस्था प्रज्ञा एवं प्रियांशी समिति द्वारा एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय अस्पताल के अधीक्षक कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। इसके पूर्व समिति द्वारा ओएसटी सेंटर, चिकित्सक एवं स्टाफ कर्मियों को रेड रिबन लगा कर उन्हें कार्यशाला में आने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला एड्स नियंत्रण समिति नोडल अधिकारी डॉ. एसके पुरोहित, अस्पताल अधीक्षक डॉ. एके शिवानी, शिशु विशेषज्ञ डॉ. आरके चौधरी, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. एसडी बड़ोदिया, स्वास्थ्य विभाग में प्रभारी मंत्री के प्रतिनिधि संजय मिहानी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित नोडल अधिकारी डॉ. पुरोहित के साथ अधीक्षक डॉ. शिवानी, डॉ. आर के चौधरी एवं प्रभारी मंत्री प्रतिनिधि श्री मिहानी ने एचआईवी पीड़ित मरीजों के लक्षण एवं उससे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आईसीटीसी परामर्शदाता गणेश उपरारिया ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से एचआईवी पाजीटिव मरीजों की संख्या में कमी तो आई है। पर हर बार नए मरीज चिन्हित होते हैं। 2017-18 में 15 मरीज पाजीटिव मिले थे। इस वर्ष सात मरीज ही सामने आए हैं। इस अवसर पर डॉ. विवेक जैतपुरिया, डॉ. संजय राघव, डॉ. चौहान, डॉ. पटेल, प्रोग्राम मैनेजर हेमंतपुरी गोस्वामी, नरेन्द्र यादव, चंद्रप्रकाश मलैया, मुकेश निरंजन, रीना गुप्ता, देविका पाठक, प्रियंका दुबे सहित अन्य आशा और स्वास्थ्य कार्यकर्ताएं मौजूद थे।

Dt. 27-06-2019

# नशा नहीं करने और नशे के प्रति जागरूक करने की शपथ ली



इटारसी| नशा मुक्ति दिवस पर बुधवार को प्रज्ञा सोशल ऑर्गेनाइजेशन ने कर्मचारियों को नशा नही करने और लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के तहत वेस्ट सेंट्रल रेलवे सीएंडडब्ल्यू क्लीनिंग स्टाफ के कर्मचारी ने प्लेटफार्म पर नशे से दूर रहने की शपथ ली। साथ ही नशे प्रति लोगों को जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम में एसएससी एनआर ठाकुर, अब्दुल शफीक, राम मोहन लोहिया, अमन तायडे, पुरुषोत्तम यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

एड्स दिवस.... संगोष्ठी में दी एड्स से बचने की जानकारी

Date - 30-01-2019

# 'एड्स के प्रति आम जन को जागरूक करना जरूरी'



इटारसी @ पत्रिका. शास. एमजीएम पीजी महाविद्यालय में मंगलवार को एड्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर एनएसएस बालक एवं बालिका इकाई ने संगोष्ठी आयोजित की। जिसमें एड्स रोग के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पीके पगारे एवं अतिथियों ने मॉं सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रज्ञा सोशल संगठन के प्रबंधक हेमंत पुरी गोस्वामी ने ने कहा कि एड्स रोग से बचाव का सबसे अच्छा उपाय उसके प्रति जागरूकता है। संगठन के परामर्शदाता रोहित दुबे ने बताया कि इस खतरनाक रोग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाना अनिवार्य है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा व प्रश्नों को सामने रखा, जिसका समाधान किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश बडोले तथा छात्रा इकाई से आंकाक्षा पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टॉफ व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# एड्स के लिए जागरूक किया

इटारसी। प्रज्ञा समिति द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक पर गुरुवार को एचआईवी एड्स जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम दौरान पंपलेट पर्चे बांटे गए एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के परियोजना प्रबंधक हेमंतपुरी गोस्वामी, रोहित दुबे, मयुरेश साहू, निशांत यादव एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। **17-03-2017**

बनाने का विरोध मांग की। रिलायंस जियो की गलत मार्केटिंग का विरोध जताया। लाइसेंस फीस के देने की

## एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

इटारसी | गुरुवार सरकारी अस्पताल में एड्स जागरुकता कार्यक्रम हुआ। मप्र राज्य एड्स समिति भोपाल से संबंधित निरंतर प्रोजेक्ट एयलाइंस इंडिया ने एचआईवी एड्स पर कार्यशाला की। भोपाल से आई प्रोजेक्ट की स्टेट टेक्नीकल अधिकारी मनीषा चतुर्वेदी ने एचआईवी ग्रसित व्यक्तियों व उच्च जोखिम समूह के साथ किस प्रकार व्यवहार किया जाना चाहिए यह बताया। प्रोजेक्ट के हाविल जोसफ उपस्थित थे। मप्र एड्स नियंत्रण द्वारा संचालित प्रज्ञा समिति का कार्यशाला में विशेष सहयोग रहा।

10-03-2017

## गोठी धर्मशाला में जाति तोड़ो समाज

# शिविर में तीन सौ मरीजों का हुआ नि:शुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज . इटारसी

प्रज्ञा समिति द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल के सहयोग से नाला मोहल्ला स्थित भगत सिंग नगर झुग्गी झोपड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल के चिकित्सक डा पहारिया, डॉ. एसडी बडोदिया, डॉ. एनके जैन, महिला चिकित्सक डॉ. स्वाती अग्रवाल, एवं नीतू प्रजापति और नेत्र सहायक डॉ. आरके श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न प्रकार के मरीजों की जांच की। जांच के बाद मरीजों को संबंधित उपचार दिया गया। समिति के सदस्यों के अनुसार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग तीन सौ मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया।

12-01-2017

# एड्स से बचाव के बताए उपाय






**जागरण, इटारसी**

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मौजूद चिकित्सकों ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए उसके बचाव के लिए मौजूद स्टाफ को जागरूक किया।

नशा मुक्ति को लेकर काम करने वाली संस्था प्रज्ञा एवं प्रियांशी समिति द्वारा एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय अस्पताल के अधीक्षक कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। इसके पूर्व समिति द्वारा ओएसटी सेंटर, चिकित्सक एवं स्टाफ कर्मियों को रेड रिबन लगा कर उन्हें कार्यशाला में आने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला एड्स नियंत्रण समिति नोडल अधिकारी डॉ. एसके पुरोहित, अस्पताल अधीक्षक डॉ. एके शिवानी, शिशु विशेषज्ञ डॉ. आरके चौधरी, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. एसडी बड़ोदिया, स्वास्थ्य विभाग में प्रभारी मंत्री के प्रतिनिधि संजय मिहानी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित नोडल अधिकारी डॉ. पुरोहित के साथ अधीक्षक डॉ. शिवानी, डॉ. आर के चौधरी एवं प्रभारी मंत्री प्रतिनिधि श्री मिहानी ने एचआईवी पीड़ित मरीजों के लक्षण एवं उससे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आईसीटीसी परामर्शदाता गणेश उपरारिया ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से एचआईवी पाजीटिव मरीजों की संख्या में कमी तो आई है। पर हर बार नए मरीज चिन्हित होते हैं। 2017-18 में 15 मरीज पाजीटिव मिले थे। इस वर्ष सात मरीज ही सामने आए हैं। इस अवसर पर डॉ. विवेक जैतपुरिया, डॉ. संजय राघव, डॉ. चौहान, डॉ. पटेल, प्रोग्राम मैनेजर हेमंतपुरी गोस्वामी, नरेन्द्र यादव, चंद्रप्रकाश मलैया, मुकेश निरंजन, रीना गुप्ता, देविका पाठक, प्रियंका दुबे सहित अन्य आशा और स्वास्थ्य कार्यकर्ताएं मौजूद थे।

दैनिक जागरण
15/12/2016

# न्यूज कार्नर

## एड्स पर कार्यशाला आयोजित

इटारसी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में आज मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल से संबद्ध टीआई प्रोजेक्ट द्वारा एचआईव्ही एड्स पर चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं समस्त पैरा मेडिकल स्टाफकी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भोपाल से आयी मनीषा चतुर्वेदी स्टेड टेक्नीकल अधिकारी निरंन्त प्रोग्राम एलाईन्स इंडिया द्वारा एचआईव्ही पर प्रकाश डाला गया। मोहित खरे प्रज्ञा समिति डायरेक्टर द्वारा एचआईव्ही जांच एवं एचआईव्ही ग्रसित व्यक्तियों से कैसा व्यवहार किया जाए के बारे में बताया एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एके शिवानी, डॉ. एसडी बड़ोदिया, आभा जैन, आर.पहारिया, गणेश उपकारिया, हेमंत गोस्वामी, संतोष कश्यप मौजूद रहे।

# थर्ड जेंडर को बताया, कैसे रोका जा सकता है एचआईवी एड्स को

**22-10-2016**

**इटारसी। नवदुनिया न्यूज**

गोठी धर्मशाला में थर्ड जेंडर किन्नर समुदाय को एचआईवी एड्स से जागरूक करने के लिए शाम को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के सहयोग से प्रज्ञा समिति इटारसी द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ एसपीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ एके शिवानी, डॉ पीएम पहाड़िया, किन्नर समाज अध्यक्ष पंचाली देशमुख, हेमंतपुरी गोस्वामी मौजूद थे। प्रज्ञा समिति के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मोहित खरे ने बताया कि कार्यशाला सिर्फ किन्नर समुदाय के लिए बुलाई गई थी। यहां इस समाज को बताया कि एड्स को कैसे रोका जा सकता है।इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ पीएम पहाड़िया ने कहा कि आप सभी लोग समाज का अभिन्न अंग है, लेकिन मुख्य धारा आप तक सीधे आने में संकोच करती है और आपको समाज में क्या घट रहा है, किस तरह के रोग बढ़ रहे हैं ये जानकारी आम जनता से नहीं पहुंच पाती, इसलिए ये कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## गोठी धर्मशाला में आयोजित हुई कार्यशाला



इटारसी।कार्यशाला में शामिल हुए किन्नर।

## कार्यशाला...

# जागरुकता : एड्स से बचाव ही इलाज



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**इटारसी.** डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में एड्स जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एड्स के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। यह कार्यशाला मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल से संबद्ध टीआई प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित की गई थी।

कार्यशाला में स्टेट तकनीकि अधिकारी निरंत प्रोग्राम एलाइंस इंडिया द्वारा एचआईवी के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एचआईवी की बीमारी छूने से नहीं फैलती है। यह असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी पीड़ित मां से गर्भस्थ शिशु को होती है। इससे बचाव ही उसका उपचार है।

प्रज्ञा समिति संचालक मोहित खरे ने बताया कि लोगों को एचआईवी ग्रसित व्यक्तियों से समाज को सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। कार्यशाला में अस्पताल अधीक्षक डॉ. एके शिवानी, डॉ. एसडी बड़ोदिया, डॉ. आभा जैन, डॉ. आर पहारिया, गणेश उपकारिया आदि मौजूद थे।